श्री गुजराती समाज बी. एड़. कॉलेज, इंदौर
पतेती पारसी नव वर्ष प्रतिवेदन

पारसी समुदाय में नव वर्ष को पतेती जमशेदी ,नवरोज, जैसे कई नाम से पहचाना जाता है ! इस पर्व पर घर की साफ सफाई कर रंगोली बनाई जाती है , इस दिन लोग घरों में फालूदा, धनसक , रवा ,और केसर का पुलाव अंकुरी जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाते हैं ! पारसी समुदाय की सभ्यता एवं संस्कृति से शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय में दिनांक 15.08. 2024 को पतेती पारसी नव वर्ष के उपलक्ष्य में **निबंध प्रतियोगिता** आयोजित की गई ! प्रविष्टियां ऑनलाइन (ईमेल के माध्यम से), एवं ऑफलाइन आमंत्रित की गई थी। बी. एंड. के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के कुल 27 शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया! निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिक्षक-प्रशिक्षणार्थियों ने पारसी नव वर्ष के इतिहास, एक वर्ष में दिन- केवल 360, आहार,एवं रीति- रिवाज की अनूठी जानकारी पेश की! इस प्रतियोगिता में मूल्यांकन का आधार सांस्कृतिक सार्थकता, औचित्य ,संगठन एवं योजना, सृजनात्मकता एवं नवीनता, संपूर्ण प्रभाव रहा। चयनित विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह मे पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा | पतेती पारसी नव-वर्ष पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन सहा. प्रा.पलक बेरछा ने किया।

प्रतियोगिता प्रभारी

सहा.प्रा. पलक बेरछा

प्राचार्य

डॉ. किरण दम्मानी